नक्सलियों ने फिर की एक ठेकेदार की हत्या

पीएलजीए सप्ताह के चौथे दिन दिया घटना को अंजाम



बैलाडिला एला रेण्ज गिरिया पहाड़
कम्पनी साम्राज्यवाद दलाल नौकर
पूंजीपति को खदन कोलने ~~बाले ठेकेदार~~
बंद करों!
→ एला रेण्गा गिरिया पहाड़ में 2016/2
खदन कोलन वाले ठेकेदारी को गं
नी दिया तो लेकिन नहीं समझाता
→ इस लिए श्री नेण्डू को मौता का चं
→ नक्सलवादी क्रांति जिन्दाबाद
भैरमगढ़ एरिया कमे

दंतेवाड़ा, 05 दिसंबर (सन्यूस)। नक्सलियों ने पीएलजीए सप्ताह के चौथे दिन 5 दिसम्बर को दंतेवाड़ा जिले के कामालूर-पंडेवार एरिया में जगदलपुर के एक ठेकेदार की हत्या कर दी है। जानकारी के मुताबिक जिंदल कंपनी के ठेकेदार गणेश नायडू की नक्सलियों ने हत्या कर दी है। घटना में नक्सलियों ने ठेकेदार की बोलेरो गाड़ी भी जला दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक़ नक्सलियों ने गला रेत कर गणेश की हत्या कर दी है।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से जगदलपुर में रह रहे गणेश नायडू मूलतः आँध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। इनका परिवार प्रारंभ से ही खनन के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में गणेश नायडू बैलाडीला की पहाड़ियों में जिंदल स्टील को आवंटित लौह अयस्क खदान में ठेके में प्रॉस्पेक्टिंग का कार्य कर रहे थे। लौह अयस्क खदान की माईनिंग लीज स्वीकृति से पहले जिंदल कम्पनी द्वारा ड्रिलिंग के जरिये पूर्वेक्षण का काम करवाया जा रहा है। इस कार्य में पहले भी मशीनें जलाए जाने और मजदूरों की बेदम पिटाई के मामले सामने आ चुके हैं। इस बार नाराज़ नक्सलियों ने गणेश की गला रेत कर हत्या कर दी है।

दंतेवाड़ा-फरसपाल के मध्य घटित इस वारदात की पुष्टि करते एसपी दंतेवाड़ा अभिषेक पल्लव ने बताया कि डीआरजी के जवानों को घटनास्थल के लिये रवाना कर दिया गया है। दल के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

कुकानार नाईट राईडर ने किया टी-20 ट्राफी पर कब्जा

जगदलपुर, 5 दिसम्बर (सन्यूस)। स्थानीय लालबाग मैदान में युवा क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित टी-20 ट्राफी पर कुकानार नाइट राइडर ने कब्जा कर किया। टीम के खिलाड़ियों ने 8 विकेट खोकर 137 रन बनाये और बस्तर ब्लास्टर टीम मात्र 92 रन पर ही ऑल आउट हो गई। ट्राफी कूकानार की झोली में आ गया। बस्तर ब्लास्टर टीम के बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना बल्लेबाजी बना हार का कारण। प्रतियोगिता समापन समारोह में अतिथियों के हाथों टीम एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

फाइनल मैच कुकानार नाइट राइडर विरूद्ध बस्तर ब्लास्टर टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कुकानार नाइट राइडर टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज कप्तान कौशलेन्द्र और शंकर ने अच्छी शुरूवात करते हुए पहले ओवर में ही 14 रन जुटाये। पहले विकेट के रूप में 8 गेंदों पर 16 रन बनाकर बल्लेबाज शंकर आउट होकर पवेलियन लोटे। 28 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट मुकेश के रूप में गिरा। 3 रे विकेट की साझेदारी में कौशलेन्द्र और अमित ने 32 रन जोड़े। कौशलेन्द्र ने 35 गेंदों पर 38 रन 6 चौके की मदद से बनाये। अमित सिंह ने 33 गेंदों पर 38 रन बनाये जिसमें 4 चौके व 1 छक्के शामिल थे। निचले क्रम के बल्लेबाज ने 17 गेंदों पर 27 रन बनाये जिसमें 3 चौके शामिल है। इस तरह से निर्धारित 20 ओवर में पूरी टीम 137 रन बनाई और उसके 8 खिलाड़ी आउट हुए। बस्तर ब्लास्टर के गेंदबाज सुरेश ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किये। वहीं विवेक ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 खिलाड़ियों को आउट किया।

138 रनों का पीछा करने उतरी बस्तर ब्लास्टर टीम के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज अक्कु 8 रन बनाकर आउट हो गये। दूसरा विकेट भी टीम के 8 रन के स्कोर पर आशिष के रूप में गिरा। तीसरे विकेट भी टीम के 16 रन पर धीरज के रूप में आउट हुआ। प्रतियोगिता में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रही बस्तर ब्लास्टर टीम के बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना बेटिंग किया। जिसके फलस्वरूप टीम को हार का सामना करना पड़ा। एक छोर से लगातार विकेट गिरते रहे और दूसरे छोर पर विवेक राय ने 36 गेंदों पर 32 रन बनाये और अंत तक आउट नहीं हुए। पूरी टीम मात्र 92 रन पर सिमट गई। मेन आफ द मैच कोशलेन्द्र को चुना गया। मैच की एम्पायरिंग राजीव विश्वकर्मा और चंद्रशेखर ने की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के डीआईजी प्रशांत जांबोलकर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों के खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरन्तर अभ्यास करते हुए अपने खेल में और निखार लाये और क्षेत्र का नाम रौशन करें। अतिथि के रूप में उपस्थित पत्रकार भवर बोथरा, मनीष गुप्ता और राजेन्द्र बाजपेयी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन का अवसर मिलता है। इस अवसर पर काफी संख्या में क्रिकेट

किसे क्या मिला

विजेता टीम कुकानार नाइट राइडर्स को चमचमाती ट्राफी के साथ 75 हजार रूपये का पुरस्कार मिला। तथा उपविजेता टीम बस्तर ब्लास्टर को ट्राफी के साथ 45 हजार रूपये का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी करनदीप को 5 हजार रूपये, श्रेष्ठ गेंदबाज टोनी को 3 हजार रूपये, श्रेष्ठ बल्लेबाज करनदीप को 3 हजार रूपये, श्रेष्ठ विकेट कीपर अक्कु को 2000 रूपये, श्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक आशुतोष को 1500, नवोदित खिलाड़ी प्रेम को 2100, अनस को 2100, प्रतियोगिता में लगातार 3 छक्का मारने के लिए अमन को 1000 रूपये, गेंदबाज बोगेश्वर एवं टोनी बरला को 5-5 विकेट लेने के लिए 2500-2500 रूपये पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रेष्ठ एम्पायर के लिए चंद्रशेखर चौधरी, बेस्ट कमेटेंटर विरेन्द्र दीवान के साथ ग्रामीण क्षेत्र के श्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में मुरली को पुरस्कृत किया गया।

नक्सलियों ने की दो गोपनीय सैनिकों की हत्या

जगदलपुर, 5 दिसम्बर (सन्यूस)। बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र के पखनार गांव में कल देर शाम नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार में दो आत्मसमर्पित नक्सलियों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी।

बस्तर एसपी डी श्रवण ने बताया कि पूर्व नक्सली जल्लू और भीमा कुछ समय पहले ही नक्सली संगठन छोड़कर समाज के मुख्यधारा में लौटे थे। जो पुलिस के गोपनीय सैनिक बनाए गए थे। मंगलवार को दोनों बाजार गए हुए थे। इसी दौरान नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम ने उन पर कुल्हाड़ी व अन्य धारदार हथियार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली दोनों को घायल अवस्था में बाजार से दूर ले गए और घायल अवस्था में उनकी हत्या कर दी। बाजार में घटना के बाद अफरा-तफरी मच गयी और दहशत के चलते बाजार बंद हो गया। हत्या के बाद उनकी लाश पखनार चौकी से आधा किमी दूर फेंक दी। पुलिस ने दोनों के शव बरामद कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही इन इलाकों में गश्त बढ़ा दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों की जो स्मॉल एक्शन टीम होती हैए उसमें 3 या 4 सदस्य होते हैं। जिसके कारण वो बाजारों में फैल जाते हैं और उनकी पहचान या उनको पकडऩा मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ऐसे ही घटनाओं को अंजाम देकर भाग जाती है।

एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

जगदलपुर, 5 दिसम्बर (सन्यूस)। छत्तीसगढ़ (स्वॅ) कम्पनी एनसीसी जगदलपुर द्वारा परचनपाल में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के कैम्प फायर एवं बड़ा खाना का आयोजन आज किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बस्तर कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर बस्तर को गार्ड ऑफ आनर से सम्मानित किया गया। कैम्प कमांडेण्ट कर्नल जी.ए. जेम्स ने क्वाटर बार्ड, दूरी का अन्दाजा एवं डिग्री पढ़ने का तरीका मानचित्र अध्ययन में रूढ़ चिन्ह एवं वेपन ट्रेनिंग की कक्षाओं का निरीक्षण कर कैम्प कार्यालय एवं अधिकारी कक्ष में 10 दिवसीय प्रशिक्षण में दिये जाने वाले समस्त गतिविधियों का ब्रिफिंग कराया गया। निरीक्षण के बाद कैडेट के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिये। मुख्य अतिथि के स्वागत गीत के पश्चात् चीफऑफिसर यू.डी. पटनायक के स्वागत भाषण में बस्तर कलेक्टर डॉ. अय्याज तंबोली के कार्यकलापों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। तत्पश्चात कैम्प कमाडेण्ट के द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनका पुरस्कार मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कैडेटस को अनुशासन में रहते हुए, स्वहित, समाजहित एवं देशहित में अमूल्य सहयोग प्रदान करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया। शिविर में बस्तर, नारायणपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं कांकेर से विभिन्न महाविद्याल, विद्यालयों से लगभग 510 सीनियर, जूनियर डिविजन के एनसीसी कैडेट शामिल हुए।

बस्तर विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययनशाला की स्थापना

जगदलपुर, 05 दिसम्बर (सन्यूस)। राज्य गठन के बाद से ही बस्तर क्षेत्र में प्रबंधन अध्ययन केंद्र का अभाव रहा है परन्तु वर्ष 2018 में बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में प्रबंधन अध्ययनशाला की स्थापना की गई। अब बस्तर के युवाओं को प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर भविष्य बनाने का अवसर प्राप्त होने जा रहा है।

बस्तर विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन अध्ययनशाला डॉ. नीलेश कुमार तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर विश्वविद्यालय के दो वर्षीय स्नातकोत्तर पूर्णकालीन मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कोर्स का शुल्क अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों की तुलना में बहुत कम है। बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए कोर्स में मार्केटिंग के साथ-साथ वित्तीय प्रबंधन, मानव-संसाधन प्रबंधन व सूचना प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बस्तर विश्वविद्यालय के एमबीए कोर्स में प्रवेश विभिन्न राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं जैसे कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट, मैनेजमेंट एप्टीड्युड टेस्ट, कॉमन एडमिशन टेस्ट, एक्सएटी व एटीएमए इत्यादि में से किसी भी एक टेस्ट में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर शासन द्वारा राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के आधार पर किया जाता है। एमबीए कोर्स में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं का आयोजन विभिन्न संस्थाओं द्वारा सामान्यता प्रतिवर्ष नवम्बर से दिसम्बर माह में कराया जाता है, जबकि मैनेजमेंट एप्टीड्युड टेस्ट एवं एटीएमए साल में चार बार (दिसम्बर, फरवरी, मई, सितम्बर) में आयोजित की जाती है।

अतः बस्तर विश्वविद्यालय प्रबंधन अध्यापन के द्वारा बस्तर के युवाओं को बेहतर मानव-संसाधन के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर है जो आने वाले वर्षों में मील का पत्थर साबित होगा।

संजीवनी 108 की कंडम वाहनों से जीव्हीके जुटी है जान बचाने

◆ पायलट कर रहे नई वाहनों का इंतजार

जगदलपुर, 05 दिसंबर (सन्यूस)। दुर्घटना या गंभीर बीमारी के समय तत्काल उपचार के लिए बस्तर के लोगों के लिए संजीवनी 108 वरदान साबित हो रहा है। लेकिन बस्तर के अधिकांश एंबुलेश कंडम हो गया है। आए दिन गैराज में एंबुलेश दिख जाता है। जानकारी के मुताबिक बस्तर संभाग में आपातकालीन सेवा के तहत जीवीक के कंपनी संजीवनी 108 की 69 गाड़ियां चला रही थी। समय पर मेंटनेंस नहीं होने और पांच लाख किमी से ज्यादा चलने के चलते कई गाड़ियां खराब हो गई है। सही रख रखाव और समय-समय पर होने वाली मरम्मत के अभाव में संजीवनी 108 वाहनें कंडम हो रही हैं। कई वाहनों के दरवाजे टूटे हुए हैं, तो कई वाहनों में आवश्यक उपकरण ही नहीं थे। लेकिन वाहनों के संचालन करने वाली संस्था और उसके अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। लेकिन पिछले कुछ महीने से लगातार शिकायतें मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसकी जानकारी शासन को दी। जिसके बाद नई गाड़ियों को भेजन की योजना कंपनी ने बनाई जिसका फायदा बस्तर संभाग के लोगों को मिलेगा ।

दो प्रकार की गाड़ियां चला रही जीवीके कंपनी

संजीवनी 108 के संचालन को लेकर जीवीके कंपनी इस समय दो प्रकार की गाड़ियां चलवा रही है। पहला बीएलएस सिस्टम से लैस और एडवांस सिस्टम से लैस। बेसिक लाइफसपोर्ट सिस्टम से लैस इस समय करीब 60 गाड़ियां चल रही हैं। जबकि एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम की करीब 9 गाड़ियां चल रही हैं। ज्ञात हो कि एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाहन में 70 प्रकार के इक्यूपमेंट लगाए गए हैं जिसमें आटोलोडर, स्ट्रेचर, स्कूप स्ट्रेचर, स्पाइन बोर्ड, सक्सन आपरेटर्स, पल्स आक्सीमीटर, आक्सीजन की, किडनी ट्रे, वेंटीलेटर, बीपी कफ पेड्रियाटिक, बीपी आपरेटर्स, स्टेथेस्कोप, मल्टी पैरामानीटर के साथ ही अन्य मशीनरी पार्ट शामिल हैं। कबाड़ होने वाली गाड़ियों में एएलएस सिस्टम की एक भी गाड़ी नहीं है ।

85 हजार से ज्यादा लोगों की बचाई जा चुकी जान

संजीवनी 108 के प्रभारी बी संतोष कुमार ने बताया कि संजीवनी वाहन में किसी प्रकार की शिकायत आने पर उसमें सुधार कराया जाता है। जिन वाहनों का पीछे का लॉक खराब है, उसका सुधार किया जाएगा। सभी वाहनों में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है और ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने की स्थिति में बैकअप के लिए छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर भी 108 वाहन में मौजूद रहता है। बस्तर संभाग में जो गाड़ियां कबाड़ हो गई हैं उन्हें बदला जा रहा है। वर्ष 2011 के बाद से अब तक करीब 85 हजार से ज्यादा लोगों की जान संजीवनी 108 के द्वारा बचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सात साल पुरानी हो चुकी गाड़ियों को हटाने के बाद इनके स्थान पर जीवीके कंपनी 11 नई गाड़ियों को बस्तर सभाग में भेज रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह गाड़ियां एक महीने के अंदर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों में पहुंच जाएंगी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जगदलपुर, 05 दिसम्बर (सन्यूस)। एमएस भारद्वाज खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर व जीपी मिश्रा, बीआरसी जगदलपुर द्वारा 30 नवम्बर को पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा संकुल नानगुर विकास खण्ड जगदलपुर जिला बस्तर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान शालेय शैक्षणिक वातावरण तथा स्वच्छता से संबंधित मुलभुत सुविधाएं देखकर अत्यधिक प्रसन्न हुए। सभी कक्षा के छात्र छात्राओं से विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्न पूछकर शिक्षा गुणवत्ता परीक्षण किये। बच्चों ने सारे सवालों के जवाब दिये तथा सभी बच्चों को कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दिये। अधिकारी ने किचन गार्डन देखकर प्रशंसा किये । खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन के बारे मे प्रधानाध्यापक पी जी राव द्वारा विस्तार से चर्चा कर विद्यालय व छात्र हित में जो समस्या होगी पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। विद्यालय के उपलब्धियों के बारे में बी आरसी जी पी मिश्रा द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई है। विदित हो कि उक्त विद्यालय को राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय सम्मानित किया गया था और राज्य स्तरीय स्वच्छ विद्यालय का सम्मान भी मिला है। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये तथा प्राथमिक विद्यालय मांझीगुड़ा के निरीक्षण के दौरान तीन शिक्षकों मे दो उपस्थित पाये गये। सोनसिंह बघेल सहायक शिक्षक अनुपस्थिति पाये गये। जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान पी जी राव प्रधानाध्यापक, सरोज सेठिया, संकुल समन्वयक नानगुर, रमेश सोनी, महेश सेठिया,अर्चना टोप्पो, विकास कश्यप, शशी किस्पोटा उपस्थित थे ।

45 हजार रूपए के अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर, 05 दिसंबर (सन्यूस)। मुखबीर की सूचना पर नगरनार पुलिस ने अवेध रूप से गांजा तस्करी कर ले जा रहे दो आरोपी को धर दबोचा। पिछले कुछ दिन से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जब्त की गई गांजा की कीमत बाजार में लगभग 45 हजार रूपए का बताया गया है। नगरनार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम धनपुंजी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बस का इंतज़ार कर रहे थे। मुखबीर की सुचना पर इन दोनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर इनके पास से 9 किलो अवैध गांजा पाया गया जिसे बेचने के उद्देश्य से ला रहे थे। पकड़े गए आरोपी अवधेश सिंह (27) पिता सुरेन्द्र सिंह व शैलेन्द्र कुमार (22) पिता माता अम्बर निवासी इलाहबाद के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

गुप्त रोगी सम्पर्क करें
शर्तिया इलाज स्त्री-पुरूष, गुप्त रोग, शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेढ़ापन का मशीनों द्वारा
जांच गारंटी के साथ शर्तिया इलाज
संपर्क- डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पीटल, आर.एस.एस. मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड के पीछे भिलाई
प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे रविवार 9 से 2
सावधान: डॉ. अहमद जे. जे. हॉस्पिटल के नाम अन्य कोई भी शाखा नहीं है.
मिलते-जुलते नाम से धोखा न खाएं. पेपर कटिंग साथ में लावें.
जे.जे. हॉस्पिटल 0788-2296252, 9098889899

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
कार्यकारी संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)